भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
25.03.2026 के
अतारांकित प्रश्न सं. 5311 का उत्तर

कोल्हापुर-वैभववाड़ी रेल लाइन

5311. श्री शाहू शहाजी छत्रपती:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का कोल्हापुर के लिए नई रेल सेवाओं/रेल संपर्क का विचार है;
(ख) कोल्हापुर-वैभववाड़ी रेल लाइन की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है; और
(ग) उक्त परियोजना का कार्य पूर्ण किए जाने की समय-सीमा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): वर्तमान में, एससीएसएम(टी) कोल्हापुर निम्नलिखित 30 रेलगाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित है, जो अन्य स्टेशनों के साथ-साथ दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, पुणे, नागपुर जैसे प्रमुख गंतव्य स्टेशनों को संपर्कता प्रदान करती हैं:

| क्र.सं. | रेलगाड़ी सं. और नाम |
|---|---|
| 1 | 20673 एससीएसएम (टी) कोल्हापुर-पुणे वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 2 | 20674 पुणे-एससीएसएम (टी) कोल्हापुर वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 3 | 11029 छत्रपति शिवाजी महाराज (टी) -एससीएसएम (टी) कोल्हापुर कोयना एक्सप्रेस |
| 4 | 11030 एससीएसएम (टी) कोल्हापुर-छत्रपति शिवाजी महाराज (टी) कोयना एक्सप्रेस |
| 5 | 11039 एससीएसएम (टी) कोल्हापुर-गोंदिया महाराष्ट्र एक्सप्रेस |
| 6 | 11040 गोंदिया-एससीएसएम (टी) कोल्हापुर महाराष्ट्र एक्सप्रेस |
| 7 | 11045 एससीएसएम (टी) कोल्हापुर-धनबाद दीक्षाभूमि एक्सप्रेस |
| 8 | 11046 धनबाद-सीएसएम (टी) कोल्हापुर दीक्षाभूमि एक्सप्रेस |

| | |
|---|---|
| 9 | 11049 अहमदाबाद-एससीएसएम (टी) कोल्हापुर एक्सप्रेस |
| 10 | 11050 एससीएसएम (टी) कोल्हापुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस |
| 11 | 11403 नागपुर-एससीएसएम (टी) कोल्हापुर एक्सप्रेस |
| 12 | 11404 एससीएसएम (टी) कोल्हापुर-नागपुर एक्सप्रेस |
| 13 | 11425 पुणे-एससीएसएम (टी) कोल्हापुर एक्सप्रेस |
| 14 | 11426 एससीएसएम (टी) कोल्हापुर-पुणे एक्सप्रेस |
| 15 | 12147 एससीएसएम (टी) कोल्हापुर-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस |
| 16 | 12148 हजरत निजामुद्दीन-एससीएसएम (टी) कोल्हापुर एक्सप्रेस |
| 17 | 17411 छत्रपति शिवाजी महाराज (टी)-एससीएसएम (टी) कोल्हापुर महालक्ष्मी एक्सप्रेस |
| 18 | 17412 एससीएसएम (टी) कोल्हापुर-छत्रपति शिवाजी महाराज (टी) महालक्ष्मी एक्सप्रेस |
| 19 | 17415 तिरुपति-एससीएसएम (टी) कोल्हापुर हरिप्रिया एक्सप्रेस |
| 20 | 17416 एससीएसएम (टी) कोल्हापुर-तिरुपति हरिप्रिया एक्सप्रेस |
| 21 | 22155 कलबुर्गी-एससीएसएम (टी) कोल्हापुर एक्सप्रेस |
| 22 | 22156 एससीएसएम (टी) कोल्हापुर-कलबुर्गी एक्सप्रेस |
| 23 | 71423 सतारा-एससीएसएम (टी) कोल्हापुर पैसेंजर |
| 24 | 71424 एससीएसएम (टी) कोल्हापुर-सतारा पैसेंजर |
| 25 | 71425 मिराज-एससीएसएम (टी) कोल्हापुर पैसेंजर |
| 26 | 71426 एससीएसएम (टी) कोल्हापुर-मिराज पैसेंजर |
| 27 | 71427 मिराज-एससीएसएम (टी) कोल्हापुर पैसेंजर |
| 28 | 71428 एससीएसएम (टी) कोल्हापुर-मिराज पैसेंजर |
| 29 | 71429 मिराज-एससीएसएम (टी) कोल्हापुर पैसेंजर |
| 30 | 71430 एससीएसएम (टी) कोल्हापुर-सांगली पैसेंजर |

इसके अलावा, किसी मार्ग/खण्ड पर रेलगाड़ी सेवाएं शुरू करना सतत् प्रक्रिया है जो विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है:

- संबंधित खंड की क्षमता
- पथ की उपलब्धता
- आवश्यक चल स्टॉक की उपलब्धता
- चल स्टॉक के लिए उपयुक्त अवसंरचना की उपलब्धता
- रेलपथ और अन्य परिसंपत्तियों की अनुरक्षण आवश्यकता

**कोल्हापुर - वैभववाड़ी नई लाइन**

**कोल्हापुर-वैभववाड़ी (अब श्री छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस) (108 किमी) नई रेललाइन परियोजना के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की गई है।**

**विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के पश्चात्, परियोजना के लिए राज्य सरकारों सहित विभिन्न हितधारकों के साथ परामर्श और आवश्यक अनुमोदन यथा नीति आयोग, वित्त मंत्रालय आदि के मूल्यांकन अपेक्षित होता है। चूंकि परियोजनाओं को स्वीकृत करना एक सतत और गतिशील प्रक्रिया है, निश्चित समय-सीमा विभिन्न हितधारकों द्वारा मूल्यांकन और अनुमोदन पर निर्भर करती है।**

**रेल परियोजना/परियोजनाओं का पूरा होना कई कारकों पर निर्भर करता है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:**

- **भूमि अधिग्रहण**
- **वन संबंधी स्वीकृति**
- **अतिलंघनकारी जनोपयोगी साधनों का स्थानांतरण**
- **विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियाँ**
- **क्षेत्र की भूवैज्ञानिक और स्थलाकृतिक परिस्थितियाँ**
- **परियोजना स्थल के क्षेत्र में कानून और व्यवस्था की स्थिति**
- **परियोजना स्थल विशेष के लिए वर्ष में कार्य करने के महीनों की संख्या आदि।**

**किसी भी रेल परियोजना की स्वीकृति कई मानदंडों/कारकों पर निर्भर करती है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:**

- **प्रत्याशित यातायात अनुमान और प्रस्तावित मार्ग की लाभप्रदता**
- **परियोजना द्वारा प्रदान की गई पहली और अंतिम स्थान पहुंच संपर्कता**
- **अनुपलब्ध कड़ियों को जोड़ना और अतिरिक्त मार्ग प्रदान करना**
- **संकुलित/संतृप्त लाइनों का विस्तार**
- **राज्य सरकारों/केंद्रीय मंत्रालयों/जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गईं मांगें**
- **रेलवे की अपनी परिचालनिक आवश्यकताएँ**
- **सामाजिक-आर्थिक महत्व**
- **निधियों की समग्र उपलब्धता**

**********